'ज्ञान-डिग्री को समाज की बेहतरी में लगाएं विद्यार्थी'

दीक्षांत समारोह

- राज्यपाल सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में पहुंचे

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में गुरुवार को दीक्षांत समारोह हुआ। मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि छात्र अपने ज्ञान और डिग्रियों को केवल नौकरी पाने तक सीमित रखने के बजाए समाज की बेहतरी के लिए लगाएं।

राज्यपाल ने वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि से संबद्ध लॉ और फार्मेसी कॉलेज के 2021-22 और 2022-23 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां बांटी। राज्यपाल ने कहा कि सभी छात्र जीवन की नई यात्रा में जा रहे हैं। विकसित और विश्व गुरु भारत के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों में अपनी क्षमताओं का सदुपयोग करें। तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। संस्थान के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा, निदेशक वीके माहेश्वरी, निदेशक प्रशासन डीके त्यागी आदि मौजूद रहे।